# कुशल पेशेवर दोनों देशों के लिए मददगार

## अमेरिका में एच1बी वीजा पर छिड़ी बहस पर विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

शुभायन चक्रवर्ती

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनके समर्थक उद्योगपति ईलॉन मस्क द्वारा की गई टिप्पणियों के बाद एच1बी वीजा को लेकर गहराती बहस के बीच शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुशल पेशेवरों का आवागमन भारत-अमेरिका रिश्तों का एक अहम पहलू है जो दोनों देशों के लिए लाभदायक है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका में एच1बी वीजा को लेकर हो रही बहस से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'भारत-अमेरिका आर्थिक रिश्तों को कुशल पेशेवरों द्वारा मुहैया कराई जाने वाली तकनीकी विशेषज्ञता से काफी मदद मिलती है। दोनों पक्ष उनकी मजबूती और प्रतिस्पर्धी मूल्य से लाभ उठाते हैं। हम भारत-अमेरिका के आर्थिक रिश्तों को और गहरा करने की ओर देख रहे हैं जो हमारे साझा हित में हैं।'

उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और तकनीकी साझेदारी मजबूत है और लगातार बढ़ रही है और इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों का आवागमन एक अहम पहलू है।

एच1बी वीजा को लेकर मौजूदा बहस पिछले महीने शुरू हुई जब डॉनल्ड ट्रंप के करीबी और टेस्ला के मालिक ईलॉन मस्क तथा उद्योगपति विवेक रामास्वामी वीजा के समर्थन में आगे आए। दोनों को नवगठित डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट इफिशिएंसी के नेतृत्व के लिए चुना गया है। दूसरी ओर मेक अमेरिका ग्रेट अगेन यानी मागा के समर्थक हैं जो चाहते हैं कि अमेरिकी टेक कंपनियां ज्यादा से ज्यादा अमेरिकियों को काम पर रखें। पिछले महीने के अंत में ट्रंप ने कहा था कि वह विदेशी कर्मचारियों के लिए एच1बी वीजा के पूर्ण समर्थक हैं। उन्होंने ऐसा तब किया था जब मस्क द्वारा इस वीजा के समर्थन पर ट्रंप के कुछ समर्थक नाखुश नजर आए।

भारतीय एच1बी वीजा के प्रमुख लाभार्थी हैं। यह वीजा दुनिया भर से प्रतिभाओं को आकर्षित करता है। सन 1990 में शुरू किए गए इस वीजा का लक्ष्य था उच्च कौशल संपन्न कर्मियों को अस्थायी वीजा पर अमेरिका आमंत्रित करना। वीजा धारक ग्रीन कार्ड हासिल करके देश में अपने रुकने की अवधि बढ़ा सकते थे।

एक साल में ऐसे 65,000 वीजा ही जारी किए जा सकते हैं और अमेरिका से उच्च शिक्षा हासिल करने वालों को 20,000 अतिरिक्त वीजा दिए जा सकते हैं।

भारतीय आईटी कंपनियां इस योजना की प्रमुख लाभार्थी रही हैं और उन्हें लॉटरी व्यवस्था के तहत वीजा मिलता है। भारत और अमेरिका द्विपक्षीय संवाद प्रणाली के जरिये एच1बी वीजा कार्यक्रम सहित भारतीय पेशेवरों के आवागमन सहित सभी गतिविधियों पर करीबी ढंग से जुड़े रहते हैं। अमेरिकी सिटिजनशिप और इमीग्रेशन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार 2023 में कुल एच1बी वीजा में सर्वाधिक 72 फीसदी वीजा भारतीयों को मिले।

जायसवाल ने कहा कि भारत ट्रंप के शासन में दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव ने हाल ही में अमेरिका की यात्रा की और शासन में बदलाव के लिए काम कर रही टीम से मुलाकात की।

मस्क और रामास्वामी दोनों का कहना है कि बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए एच1बी वीजा जरूरी हैं क्योंकि अमेरिका कई विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे है। उन्हें रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और श्री थानेदार जैसे भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों का समर्थन भी मिला। गौरतलब है कि ट्रंप द्वारा श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के लिए अपना वरिष्ठ नीतिगत सलाहकार बनाए जाने का अचानक भारी विरोध हुआ था।

> भारत-अमेरिका आर्थिक रिश्तों को कुशल पेशेवरों द्वारा मुहैया कराई जाने वाली तकनीकी विशेषज्ञता से काफी मदद मिलती है। दोनों पक्ष उनकी मजबूती और प्रतिस्पर्धी मूल्य से लाभ उठाते हैं। हम भारत-अमेरिका के आर्थिक रिश्तों को और गहरा करने की ओर देख रहे हैं जो हमारे साझा हित में हैं।
>
> **रणधीर जायसवाल**
> प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

### भारत हमेशा मालदीव के साथ: जयशंकर

**भारत** और मालदीव ने सीमा पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के वास्ते एक रूपरेखा को अंतिम रूप दिया है और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा है। जयशंकर ने दिल्ली में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील के साथ बैठक में यह टिप्पणी की। समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा के लिए खलील गुरुवार को तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे। जयशंकर ने कहा, 'सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। आप हमारी पड़ोस पहले की नीति में बहुत महत्त्व रखते हैं।'

### मुइज्जू विरोधी साजिश संबंधी वाशिंगटन पोस्ट की खबर को भारत ने किया खारिज

**भारत** ने वाशिंगटन पोस्ट द्वारा प्रकाशित उन दो हालिया खबरों की शुक्रवार को कड़ी निंदा की जिनमें से एक में भारत को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग चलाने की असफल साजिश से जोड़ा गया था तथा दूसरी रिपोर्ट में भारतीय एजेंटों द्वारा पाकिस्तान में कुछ आतंकवादी तत्वों को खत्म करने के कथित प्रयास के बारे में बताया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि अखबार और संबंधित रिपोर्टर भारत के प्रति 'जबरदस्त शत्रुता' रखते प्रतीत होते हैं। मालदीव पर अपनी खबर में अखबार ने 'डेमोक्रेटिक रिन्यूअल इनिशिएटिव' नामक एक दस्तावेज का हवाला देते हुए दावा किया कि विपक्षी राजनेताओं ने मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए वोट देने के वास्ते उनकी अपनी पार्टी के सदस्यों सहित 40 संसद सदस्यों को रिश्वत देने का प्रस्ताव रखा था। इसमें कहा गया है कि महीनों की गुप्त वार्ता के बाद भी षड्यंत्रकारी राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए पर्याप्त वोट जुटाने में असफल रहे। जायसवाल ने कहा, 'ऐसा लगता है कि यह अखबार और इसका रिपोर्टर दोनों ही भारत के प्रति एक जबरदस्त दुश्मनी रखते हैं। आप उनकी गतिविधियों में एक प्रारूप देख सकते हैं। मैं उनकी विश्वसनीयता का फैसला आप पर छोड़ता हूं। जहां तक हमारा सवाल है, उनमें कोई दम नहीं है।'

ICC रैंकिंग के अनुसार बुमराह अब तक के सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय गेंदबाज बने!

# मोदी ने दिल्ली के लिए खोला दिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर की चाबी सौंपी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों को 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों की चाबियां सौंपीं और इन्हें आत्मसम्मान, गरिमा और नई आकांक्षाओं व सपनों का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय में 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में पूर्वी परिसर, द्वारका में पश्चिमी परिसर और नजफगढ़ के रोशनपुरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वीर सावरकर कॉलेज शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं, नौरोजी नगर में विश्व व्यापार केंद्र (डब्ल्यूटीसी) और सरोजिनी नगर में जनरल पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) टाइप-2 क्वार्टर का भी उद्घाटन किया।

आप सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिल्ली में मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना शुरू करना चाहते हैं, लेकिन यहां की सरकार को दिल्लीवालों से बड़ी दुश्मनी है। उन्होंने कहा, 'पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को 'आप-दा' वाले यहां लागू नहीं होने दे रहे।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'दिल्ली की अनेक कॉलोनियों को नियमित कर भाजपा सरकार ने लाखों लोगों की चिंता दूर की है, लेकिन यहां की 'आप-दा' सरकार ने उन्हें आपदा का शिकार बना डाला। स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन नवनिर्मित फ्लैटों के उद्घाटन से डीडीए द्वारा दूसरी सफल इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना पूर्ण हो गई। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में झुग्गी बस्तियों के निवासियों को उचित सुख-सुविधाओं से सुसज्जित बेहतर और स्वस्थ परिवेश प्रदान करना है।

नौरोजी नगर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने 600 से ज्यादा जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों को अत्याधुनिक वाणिज्यिक टावरों से बदलकर इस क्षेत्र को परिवर्तित कर दिया है और साथ ही इससे उन्नत सुविधाओं वाला लगभग 34 लाख वर्ग फुट प्रीमियम वाणिज्यिक स्थल विककसत हुआ है। इस परियोजना में हरित भवन कार्य-प्रणालियों को शामिल किया गया है, जिसमें शून्य-निर्वहन अवधारणा, सौर ऊर्जा उत्पादन और वर्षा जल संचयन प्रणाली जैसे प्रावधान शामिल हैं। सरोजिनी नगर में जीपीआरए टाइप-2 क्वार्टर में 28 टावर शामिल हैं, जिनमें 2,500 से अधिक आवासीय इकाइयां हैं, इनमें आधुनिक सुविधाएं और स्थान का कुशल उपयोग किया गया हैं।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली के द्वारका में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के एकीकृत कार्यालय परिसर का भी उद्घाटन किया। इस पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। **भाषा**

# कोहरे से 500 उड़ानें, 24 ट्रेनें प्रभावित

बीएस संवाददाता

**कोहरा** और धुंध एक बार फिर परेशान करने लगी है। राजधानी दिल्ली में घने कोहरे के कारण शुक्रवार को आईजीआई एयरपोर्ट पर आने और जाने वाली लगभग 500 उड़ानों में देर हुई जबकि 24 रेलगाड़ियां भी अपने गंतव्य पर देर से पहुंची। फ्लाइट राडार24 के आंकड़ों के अनुसार शाम 5.30 बजे तक दिल्ली आने वाले लगभग 145 विमान निर्धारित समय पर नहीं थे। यही नहीं, कोहरे के कारण यहां से विभिन्न जगहों के लिए उड़ान भरने वाले लगभग 394 विमान भी प्रभावित हुए।

मौसम विभाग ने सुबह के बुलेटिन में बताया कि पालम एयरपोर्ट पर बहुत अधिक कोहरा छाया है, जो दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सटा हुआ है। विभाग ने अपने बयान में कहा, 'पालम एयरपोर्ट पर सुबह 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक सबसे कम दृश्यता 0 मीटर दर्ज की गई। 10 बजे के बाद कुछ सुधार हुआ और यह 50 मीटर तक पहुंची। सुबह के समय हवा की गति 4 किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम होने वातावरण में छाए कण आगे नहीं बढ़ सके जिससे मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा।'

इस बीच, दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन और प्रबंधन संभालने वाले जीएमआर समूह के दिल्ली इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'दिल्ली हवाई अड्डे पर अभी भी कम दृश्यता प्रक्रिया अपनाई जा रही है। लेकिन, विमान संचालन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। अपनी उड़ान के बारे में ताजा जानकारी हासिल करने के लिए यात्री संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करें।'

कोहरे के कारण देर से उड़ने या रद्द होने वाले विमानों के बारे में डायल ने कोई आंकड़ा साझा नहीं किया। विमानन क्षेत्र का विश्लेषण करने वाली फर्म सिरियम के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रति दिन 500 उड़ानों का संचालन करने वाली इंडिगो सबसे बड़ी एयरलाइन है। इसके बाद एयर इंडिया का नंबर आता है, जिसके हर रोज 435 विमान यहां उतरते और उड़ान भरते हैं। स्पाइस जेट यहां से 72 उड़ानों का संचालन करती है।

इंडिगो ने शुक्रवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली, बेंगलूरु और लखनऊ में अपनी उड़ानें कोहरे से प्रभावित होने की आशंका जाहिर की थी। एयरलाइन ने यात्रियों को सलाह देते हुए कहा, 'यात्रा के लिए घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल कर लें। हवाई अड्डे के लिए कुछ समय पहले निकलें, क्योंकि कोहरे की वजह से वाहनों की गति प्रभावित हो सकती है।'

### दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित

घने कोहरे के कारण दिल्ली से विभिन्न जगहों के लिए जाने वाली लगभग 24 रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं और उन्होंने निर्धारित समय से देर से अपनी यात्रा शुरू की। कम दृश्यता के कारण ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस जैसी रेलगाड़ी भी चार घंटे देर से चल रही थी। इसी प्रकार महाबोधि एक्सप्रेस जैसी कई प्रमुख ट्रेनें भी काफी देर से चलीं। घने कोहरे के दौरान भी संचालन निर्बाध रखने के लिए रेलवे ट्रेनों में जीपीएस आधारित उपकरण लगा रहा है। बीते दिसंबर में रेल मंत्री ने कहा था कि मंत्रालय ने रेल इंजनों में कोहरे से निपटने वाले 20,000 उपकरण लगा दिए हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन की स्मृति में अंतिम अरदास

गुरुद्वारा रकाबगंज में अरदास आयोजित की गई

**पूर्व** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में गुरुद्वारा रकाबगंज में शुक्रवार को कीर्तन और अंतिम अरदास का आयोजन किया गया। इसमें परिवार के सदस्यों के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा कई अन्य नेता भी शामिल हुए। मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को 92 साल की आयु में निधन हो गया था। कीर्तन और अंतिम अरदास में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी शिरकत की।

इससे पहले, सिंह के आवास '3 मोतीलाल नेहरू मार्ग' पर स्वर्गीय मनहोहन सिंह की स्मृति और सम्मान में 'अखंड पाठ' का आयोजन किया गया। सोनिया गांधी, खरगे, पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी आदि ने अखंड पाठ में हिस्सा लिया। पूर्व प्रधानमंत्री सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने 'अखंड पाठ' के दौरान सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ के कुछ अंश का पाठ भी किया। **भाषा**

# दो नए कस्बे बनाने पर चीन के समक्ष कड़ा विरोध

**भारत** ने शुक्रवार को कहा कि उसने होटन प्रांत में दो नई कस्बे की घोषणा पर चीन के समक्ष 'कड़ा विरोध' दर्ज कराया है, क्योंकि इनके कुछ हिस्से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दायरे में आते हैं।

भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नए कस्बे बनाने से न तो क्षेत्र पर भारत की संप्रभुता के संबंध में दीर्घकालिक और सतत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही इससे चीन के 'अवैध और जबरन कब्जे' को वैधता मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन तथाकथित कस्बे के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं और इस चीनी कार्रवाई का, संप्रभुता के संबंध में भारत के स्थायी रुख पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत-चीन के विशेष प्रतिनिधियों द्वारा सीमा वार्ता पुनः शुरू करने के कुछ दिनों बाद चीन ने दोनों कस्बे बनाने की घोषणा की है। यह वार्ता लगभग पांच वर्षों से ठप थी। जायसवाल ने कहा, 'हमने चीन के होटन प्रांत में दो नए कस्बे बनाने से संबंधित घोषणा पर गौर किया है। इन तथाकथित कस्बे के अधिकार क्षेत्र के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं।' प्रवक्ता ने कहा, 'हमने वहां भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है।' उन्होंने कहा, 'नए कस्बे बनाने से न तो क्षेत्र पर भारत की संप्रभुता के संबंध में दीर्घकालिक और सतत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी।' जायसवाल ने कहा, 'हमने राजनयिक माध्यमों से चीनी पक्ष के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।'

### चीन के बांध पर चेताया

तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक बड़ा बांध बनाने की अपनी योजना की चीन द्वारा घोषणा किए जाने के बाद भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह निगरानी जारी रखेगा और अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय करेगा। प्रस्तावित बांध के प्रति अपनी पहली प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत ने चीन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ब्रह्मपुत्र के ऊपरी इलाकों में गतिविधियों से नदी के प्रवाह के निचले क्षेत्रों में स्थित देशों को नुकसान नहीं पहुंचे। **भाषा**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालयः 31, जेल चुंगी
मेरठ शहर, फोन नं0 0121-433102
**कब्जा सूचना**
(अचल सम्पत्ति के लिए)

परिशिष्ट–IV नियम–8(1) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसके बाद ''अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) एवं 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों/गारन्टर/बंधककर्ता को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणी/ऋणियों/बंधककर्ता द्वारा राशि अदा करने में असफल होने पर ऋणी/ऋणियों और जनसामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 8 व उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति का कब्जा उनके खाते के सामने दी गई तारीख पर ले लिया है। ऋणी/ऋणियों को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध मे किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्ति के सम्बंध में किसी प्रकार का लेन-देन **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सम्बन्धित शाखा** को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है। उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र0 सं0 | शाखा/ऋणकर्ता/गारन्टर के नाम | बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस की दिनांक | बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखाः जेल चुंगी, मेरठ** **ऋणीः 1.** श्री ऋषि तेवतिया पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह, 2. श्रीमती रेखा तेवतिया पत्नी श्री ऋषि तेवतिया, दोनों निवासीः सी-38, मीनाक्षी पुरम, मवाना रोड, मेरठ। 3. श्री विशाल तेवतिया पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह **(गारन्टर)**, निवासीः सी-38, मीनाक्षी पुरम, मवाना रोड, मेरठ। | बंधक आवासीय भूमि एवं बिल्डिंग, स्थित सी-38, मीनाक्षीपुरम, मवाना रोड, मेरठ, माप क्षेत्रफल 203.33 वर्ग गज, सम्पत्ति स्वामी श्री ऋषि तेवतिया पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह तेवतिया। सीमाएँः- उत्तरः 12 मीटर चौड़ा रास्ता, दक्षिणः प्लॉट नं0 सी-37, पूर्वः प्लॉट नं0 सी-19, पश्चिमः 12 मीटर चौड़ा रास्ता। | 09.10.2024 कब्जे (पजेशन) की तिथि **31.12.2024** | **रू0 30,68,420.00** दिनांक 09.10.2024 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे - रिकवरी |
| 2. | **शाखाः गांधी आश्रम, मेरठ** **ऋणीः 1.** श्री फस्सुद्दीन, **2.** श्रीमती कौसर जहान पत्नी श्री फस्सुद्दीन **(ऋणी)**, दोनों निवासीः मकान नं0 42 (पुराना) एवं 59 (नया), आजाद नगर, गोला कुआं, मेरठ। 3. श्री सुधीर कुमार गुप्ता पुत्र श्री ओम प्रकाश गुप्ता **(गारन्टर)**, निवासीः मकान नं0 88/18, कैलाश पुरी, चैतन्यपुरम, मेरठ। | बंधक आवासीय सम्पत्ति (भूमि एवं भवन), मकान नं0 59 (नया), पुराना नं0 42, आजाद नगर, गोला कुआं, जिला- मेरठ, माप क्षेत्रफल 130.00 वर्ग गज, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती कौशर जहान पत्नी श्री फस्सुद्दीन। विक्रय विलेख के अनुसार सीमाएँः- पूर्वः वाहिद कैंचीवाल का मकान, पश्चिमः फहीमुद्दीन का मकान, उत्तरः इस्लामुद्दीन अंसारी का मकान, दक्षिणः रास्ता। | 09.09.2024 कब्जे (पजेशन) की तिथि **31.12.2024** | **रू0 13,40,134.00** दिनांक 09.09.2024 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे - रिकवरी |
| 3. | **शाखाः सहारनपुर** **ऋणीः 1.** श्री तरूण अरोरा पुत्र श्री कैलाश चन्द्र मुंजाल, पताः 14/1668/1/2 किशनपुरा बावा लेन, सहारनपुर- 247001, **2.** श्रीमती शिवानी मुंजाल पत्नी श्री तरूण अरोरा, 14/1668/1/2 किशनपुरा बावा लेन, सहारनपुर- 247001, **गारन्टरः** श्री कैलाश चन्द मुंजाल पुत्र श्री फरया लाल मुंजाल, 6 राणा प्रताप नगर रेलवे सहारनपुर- 247001 | बंधक भूमि एवं आवासीय बिल्डिंग, एक प्लॉट पर निर्मितः विक्रय विलेख नं0 10436, आवासीय मकान म्यूनिसिपल नं0 14/1370 पुराना, नया नं0 14/1668/1/2, माप क्षेत्रफल 77 वर्ग गज अर्थात् 64.38 वर्ग मीटर, स्थित किशनपुरा सहारनपुर (विक्रय विलेख नं0 10436)। सीमाएँः- उत्तरः अन्य की सम्पत्ति, दक्षिणः 20 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्वः श्री बलवंत सिंह का मकान, पश्चिमः श्री किशन नारग का मकान। | 02.05.2024 कब्जे (पजेशन) की तिथि **02.01.2025** | **रू0 6,99,780.62** दिनांक 02.05.2024 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे - रिकवरी |
| 4. | **शाखाः सहारनपुर** **ऋणीः 1.** श्री अभिषेक जैन पुत्र श्री विनय कुमार जैन, प्रो0 डिसेंट प्रिंटर्स, पताः दीना नाथ बाजार पीर गली, निकट आर्य स्वीट्स सहारनपुर- 247001, **गारन्टरः** श्रीमती सरिता जैन पत्नी विनय कुमार जैन, बी-22, मिशन कम्पाउंड, चर्च के सामने, सहारनपुर- 247001 | स्थित प्राइवेट दुकान नं0 9, 10, 11, म्यूनिसिपिल नं0 7/743, सुकोशल प्रसाद जैन, मार्किट निकट क्लिनिक डॉ0 अवनीश जय मौहल्ला- बड़तला यादगार तहसील एवं जिला- सहारनपुर। विक्रय विलेख नं0 2445 के अनुसार सीमाएँः- उत्तरः सरिता जैन की दुकान नं0 10, दक्षिणः अजय कुमार जैन की दुकान नं0 17, पूर्वः अबचक फिर श्री देशराज का मकान, पश्चिमः 15 फीट चौड़ा रास्ता। विक्रय विलेख नं0 2021 के अनुसार सीमाएँः- उत्तरः अजय कुमार जैन की दुकान नं0 11, दक्षिणः अजय कुमार जैन की दुकान नं0 9, पूर्वः अबचक फिर श्री देशराज का मकान, पश्चिमः 15 फीट चौड़ा रास्ता, विक्रय विलेख नं0 2019 के अनुसार सीमाएँः- उत्तरः दुकान नं0 12, दक्षिणः दुकान नं0 10, पूर्वः अबचक फिर श्री देशराज का मकान, पश्चिमः 15 फीट चौड़ा रास्ता। | 01.07.2024 कब्जे (पजेशन) की तिथि **02.01.2025** | **रू0 15,33,406.99** दिनांक 01.07.2024 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे - रिकवरी |

दिनांकः 03.01.2025 स्थानः मेरठ प्राधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ बड़ौदा **बीकेसी, मुंबई में बैंक के आवासीय भवन–बड़ौदा आदित्य बिल्डिंग के बाहरी मरम्मत संबंधी प्रमुख कार्यों के लिए ऑनलाइन अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित करता है। विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध हैं।**

**''अन्य सूचना'', यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा खंड में अधिसूचित किया जाएगा। बोलीकर्ता कृपया आवेदन को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले इसे अवश्य देख लें।**

**बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 24.01.2025**

**स्थान: मुंबई** **महाप्रबंधक,**
**दिनांक: 03.01.2025** **(एफ़एम, सीओए, सुरक्षा, पीडी एंड आरडीपी)**
(101/24-25)

www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ बड़ौदा निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा का नाम | बोली जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 5 साल की वारंटी के साथ नेटवर्क राउटर की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव। | 27 जनवरी 2025 |
| 2 | 5 साल की वारंटी के साथ नेटवर्क स्विच की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव। | 27 जनवरी 2025 |

विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा खंड के अंतर्गत तथा गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) पर उपलब्ध है।

अन्य सूचना, यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा खंड में और गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर जारी किया जाएगा। बोलीकर्ता कृपया आवेदन को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले इसे अवश्य देख लें।

**स्थान: मुंबई**
**दिनांक: 04.01.2025** **मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी**
(103/24-25)